# जे.डी.ए. के इंजीनियर्स ने 2 साल पुराने कार्यादेश पर बनवा दी सड़क

## कालवाड़ रोड पर करधनी व आसपास के क्षेत्र में सड़क निर्माण का मामला

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण में इंजीनियर्स और सड़क निर्माता ठेकेदारों के अजब-गजब कारनामे सामने आ रहे हैं। जहां एक तरफ ठेकेदार, टैंडर लेने के बाद 2-2 साल तक सड़क नहीं बना रहे, वहीं दूसरी तरफ इंजीनियर्स भी इस कदर मेहरबान हैं कि ऐसे ठेकेदारों पर जुर्माना लगाने अथवा फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने के बजाय उनसे पुराने वर्क ऑर्डर पर काम करवाकर पुरस्कृत करने में जुटे हैं।

ताजा मामला जे.डी.ए. के जोन-7 में सामने आया है, यहां करधनी और आसपास की सड़कें पिछले 2 साल से बेवजह अटकी हुई थी। ठेकेदार फर्म गोकुलनाथ कंस्ट्रक्शन कंपनी ने जे.डी.ए. से वर्क ऑर्डर लेने के बावजूद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं किया था। स्थानीय लोगों ने कई बार जे.डी.ए. के ऑफिस पहुंचकर शिकायत भी की, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई।



गत दिनों जोन-7 में अधिशाषी अभियंता और सहायक अभियंता की नई पोस्टिंग हुई तो उन्होंने ठेकेदार पर जुर्माना लगाने के बजाय उसे पुरस्कार देने की तैयारी कर ली। साथ ही उसे 2 साल पुराने वर्क आर्डर पर काम शुरू करने के निर्देश दे दिए। इसके बाद ठेकेदार ने आनन-फानन में करधनी क्षेत्र में सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया।

जानकारों की मानें तो अमूमन 2 साल पुराने वर्क आर्डर पर काम नहीं करने पर वह स्वतः ही निरस्त हो जाता है। साथ ही ठेकेदार पर जुर्माना अथवा लापरवाह फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने जैसा कदम भी उठाया जाता है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं किया गया।

स्थानीय लोगों की शिकायतें हैं कि जो सड़क बनाई जा रही है, उसकी गुणवत्ता भी सही नहीं है। डामर की मोटाई भी कम है। डामर की मोटाई कम होने से सड़क फिर से उखड़ने का खतरा बना हुआ है। सड़क निर्माण के समय जे.डी.ए. के अधिकारी भी मौके पर नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे में सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर भी प्रश्नचिह्न लगा हुआ है।

सूत्रों की मानें तो गत दिनों जे.डी.ए. के जोन इंजीनियर्स का तबादला हुआ है, इसके बाद से इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। सोडाला से अजमेर रोड, पुलिस कमिश्नरेट तक लटाला कंस्ट्रक्शन कंपनी को भी इसी तरह फेवर करते हुए वर्क आर्डर की तारीख निकलने के बाद काम शुरू कराया गया है।

- **मजेदार बात यह है कि मैसर्स गोकुलनाथ कंस्ट्रक्शन कंपनी ने ठेका लेने के बाद भी 2 साल तक मनमर्जी से रोक रखा था सड़क निर्माण कार्य**
- **अब जोन में इंजीनियर्स बदले तो ठेकेदार पर मेहरबानी दिखाते हुए 2 साल पुराने वर्क ऑर्डर पर रोड बनवा दी, जबकि अधिकाशंतः वर्क ऑर्डर निरस्त कर ठेकेदार पर जुर्माना अथवा फर्म ब्लैकलिस्टेड करने की कार्रवाई की जाती है।**

# भारतीय मानक ब्यूरो ने मनाया उपभोक्ता अधिकार दिवस



**जयपुर**। भारतीय मानक ब्यूरो ने 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया। मानकीकरण, उत्पाद प्रमाणन, हालमार्किंग एवं उपभोक्ता सशक्तिकरण के क्षेत्र में पिछले 77 वर्षों से भारतीय मानक ब्यूरो राष्ट्र सेवा से जुड़ा हुआ है तथा देश के उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

ब्यूरो की ओर से विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन 15 मार्च को स्थानीय होटल में किया गया और इसमें लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथियों में मनोज गुप्ता, मुख्य अभियंता, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड और विशिष्ठ अतिथि देवेन्द्र मोहन माथुर, अध्यक्ष, जयपुर जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग उपस्थित थे। कनिका कालिया, प्रमुख एवं निदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो (जयपुर शाखा कार्यालय) ने श्रोताओं को संबोधित किया और उन्हें आई एस आई मानक गुणवत्ता वाले उत्पादों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान, "प्लाइवुड प्रोडक्ट" विषय पर मानक मंथन पर तकनीकी सत्र भी हुआ, जहां प्रमुख वक्ताओं में दीपक श्रीवास्तव, वैज्ञानिक अधिकारी, एनटीएच, जयपुर और मोहित मीना, उप-निदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो ने अपने मूल्यवान विचारों को साझा किया। इस कार्यक्रम के दौरान भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा हाल ही में चलाए जा रहे ग्राम पंचायत संवेदीकरण कार्यक्रम में अभूतपूर्व योगदान देने वाले गैर सरकारी संघठनो और उपभोक्ता संघठनों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

हाल ही के वर्षों में भारतीय मानक ब्यूरो ने डिजिटल ट्रांसफ्रॉर्मेशन को अपनाते हुए अपने कार्य क्षेत्रो जैसे मानकीकरण कन्फर्मिटी असेसमेंट, प्रयोगशाला प्रबंधन, हॉलमार्किंग इत्यादि को ऑनलाइन संचालित कर दिया है।

नये मानकों के निर्धारण एवं पुनरीक्षण हेतु, मानक मंथन के द्वारा स्टेकहॉल्डरों के बीच मानकों के मसोदे पर विचार-विमर्श करने की प्रक्रिया परिकल्पित कर दी गई है। मानको के प्रति, तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ावा देने हेतु तकनीकी शिक्षा संस्थानों जैसे-आईआईटी, एनआईटी इत्यादि में चेयर ऑफ स्टैंडडाइजेशन की स्थापना आवश्यक शोध कार्य करने हेतु कर दी गई है। साथ ही साथ नई पीढ़ी को गुणवत्ता के विमर्श से जोड़ने के प्रयास में माध्यिमक विद्यालय एवं महाविद्यालयों में स्टेण्डर्स क्लब का गठन किया गया है। राजस्थान में 600 से ज्यादा क्लब्स का गठन हो चुका है और 12,000 से ज्यादा छात्र इससे जुड़ चुके हैं।

# एस.के.आई.टी. का वार्षिकोत्सव संपन्न



**जयपुर**, (का.सं.)। स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथान, जयपुर का पांच दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव प्रवाह, कॉलेज के वार्षिक समारोह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेजर जनरल अनुज माथुर, विशिष्ट सेवा पदक (सेवानिवृत्त) और डॉ. अश्विनी कुमार शर्मा (पूर्व महानिदेशक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली) शामिल हुए।

एसकेआईटी कॉलेज के मुख्य संरक्षक राजाराम मील, अध्यक्ष सुरजाराम मील, निदेशक जयपाल मील, निदेशक-शैक्षिणक प्रोफेसर एस. एल. सुराणा, रजिस्ट्रार रचना मील, प्राचार्य-प्रो. रमेश कुमार पचार, वाईसचेयरमैन अनिल बाफना कार्यक्रम में उपस्थित थे। समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन से हुआ। राजाराम मील ने अतिथियों का अभिनन्दन किया तथा प्रो. एस.एल. सुराणा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ, अतिथियों ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य व नाटक का प्रदर्शन किया।

प्रवाह के समन्वयक अभिषेक गुप्ता और टीम के सभी सदस्यों ने वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। कार्यक्रम का समापन प्रवाह टीम के अभिनंदन एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## नकलचियों को पकड़ने के लिए उडनदस्ते गठित

**जयपुर**। जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के अधीन आने वाले प्रदेश के 69 सरकारी और निजी संस्कृत महाविद्यालयों की सैमेस्टर परीक्षा में नकलचियों को पकड़ने के लिए उडनदस्तों का गठन किया गया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. शंभु कुमार झा ने बताया कि नई शिक्षा नीति-2020 के तहत शास्त्री प्रथम वर्ष के प्रथम सैमेस्टर की परीक्षा नए पैटर्न से होगी। 18 मार्च से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए पूरे प्रदेश में 47 केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर 5037 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। 22 मार्च तक एक पारी में होने वाली परीक्षा दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक चलेगी।

डॉ. झा ने बताया कि नकलरहित परीक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के साथ ही विशेष उडनदस्ते का गठन किया गया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद पुल से नीचे गिरे पति-पत्नी, मौत

- **करणी विहार क्षेत्र में खिरणी फाटक के पास रविवार सुबह हुआ हादसा**

**जयपुर**। दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस हाईवे पर रविवार सुबह पौने 8 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार उछलकर 25 फीट ऊंची पुलिया से नीचे गिर गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने ग्रेड सेकंड टीचर और उसके पति शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाया है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में राजेंद्र प्रसाद वर्मा (39) पुत्र मालीराम वर्मा और उनकी पत्नी संजू लता वर्मा (34) निवासी उदयपुरिया गांव हरमाड़ा की मौत हो गई। प्राइवेट जॉब करने वाले राजेन्द्र की पत्नी संजू लता को कॉलेज लेक्चरर एग्जाम दिलवाने जा रहा था।

पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह राजेंद्र और संजू लता सांगानेर जा रहे थे। सुबह करीब पौने 8 बजे करणी विहार थाना क्षेत्र में खिरणी फाटक के पास एक्सप्रेस हाईवे पर अज्ञात वाहन पीछे से टक्कर मार दी और फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की पति-पत्नी पुलिया से 25 फीट नीचे गिरने से लहूलुहान हो गए। दोनों को राहगीरों ने अलग-अलग हॉस्पिटल पहुंचाया। एक कार सवार पति को मरुधर हॉस्पिटल लेकर पहुंचा। वहीं, एक ऑटो ड्राइवर महिला को शेल्बी हॉस्पिटल लेकर पहुंचा। दोनों हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने पति-पत्नी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को खड़ा करवाकर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। राजेंद्र प्रसाद वर्मा और संजू लता वर्मा की दो बेटियां है। इनमें यशस्वी 10 साल की है। वहीं, दीप्ति अभी 8 साल की है। छोटी सी उम्र में दोनों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया। मृतक पांच बहन-भाई हैं। इनमें दो भाई और तीन बहन हैं। राजेंद्र दूसरे नंबर का भाई था। संजू लता ने करीब एक महीने पहले ही ग्रेड सेकंड चर की पोस्ट पर जॉइन किया था। मृतक के भाई ललित ने बताया कि पत्नी की जॉब लगने पर वह उसके साथ अजमेर रहने लगा था। दोनों बेटियां स्कूल में पढ़ाई के चलते दादा-दादी के पास ही रह रही थीं। संजू लता का रविवार को कॉलेज लेक्चरार का जयपुर में एग्जाम था। शुक्रवार रात को ही दोनों पति-पत्नी अजमेर से जयपुर अपने गांव आए थे।

## आचार्य सुनील सागर का पद विहार जारी

**जयपुर**। आचार्य सुनील सागर मुनिराज सहित छत्तीस साधु, साध्वियों का नई दिल्ली से चलकर कामां में पंच कल्याणक प्रतिष्ठापन एवं श्रीमहावीरजी में दर्शन करते जयपुर की ओर लगभग 500 कि.मी.का पद विहार जारी है। श्रीमहावीरजी से पद विहार की व्यवस्था दिगंबर जैन मुनि संघ प्रबंध समिति जयपुर के मंत्री ओम प्रकाश काला (मामा) एवं मंत्री मुकेश जैन कोषाध्यक्ष की अगुवाई में जारी है। आज के पद विहार में मुनि संघ प्रबंध समिति, धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रांत, अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर सहित अन्य संस्थाओं ने नादौती से गुढ़ाचंद्रजी तक विहार में आचार्य सुनील सागर के संघ का सान्निध्य प्राप्त किया। जयपुर वासियों को आचार्य संघ द्वारा वैशाली नगर जयपुर में आयोजित पंच कल्याणक महोत्सव का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा।


## सी.आर.चौधरी बने राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष

**जयपुर** (कासं)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी.आर.चौधरी को राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। चौधरी ने 16 मार्च को ही अपना कार्यभार भी संभाल लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए राजस्थान के किसानों व पशुपालकों की समस्याओं के त्वरित समाधान, कृषि-पशुपालन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए दूरगामी नीति निर्धारण के लिए कटिबद्धता व्यक्त की है।

# नौकरी के लिए पानी की टंकी पर चढ़े 'कोविड स्वास्थ्य सहायक'

**जयपुर**। कोविड स्वास्थ्य सहायकों ने एक बार फिर राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रविवार को फिर से नौकरी की मांग को लेकर कोविड स्वास्थ्य सहायक (सीएचए) जगतपुरा सीबीआई फाटक स्थित पानी की टंकी पर चढ गए। टंकी पर चढे स्वास्थ्य सहायकों ने कहा सरकार ने अगर जल्द से जल्द हमारी मांग को पूरा नहीं की तो हम आत्महत्या कर लेंगे। क्योंकि पिछले ढाई साल से हमें परेशान किया जा रहा है। इसकी वजह से जीवन यापन मुश्किल हो रहा है।

दरअसल, कोरोना काल के दौरान पूर्व कांग्रेस सरकार ने प्रदेशभर में 28 हजार सीएचए वर्कर्स की नियुक्ति की थी। जिन्हें कोरोना मरीजों के उपचार के साथ घर-घर जाकर दवाई पहुंचाने, सैंपल लेने की भी जिम्मेदारी दी गई थी। कोरोना खत्म होने के बाद वर्कर्स का कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के साथ ही सरकार ने सभी को नौकरी से हटाने का आदेश जारी कर दिया। इस आदेश के बाद से प्रदेश में सभी ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था। इसके पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के वक्त बीजेपी नेताओं ने भी समर्थन किया था। बीजेपी सरकार के गठन के बाद सीएचए को नौकरी नहीं मिली।



**जगतपुरा सी.बी.आई. फाटक स्थित पानी की टंकी पर रविवार को कई कोविड स्वास्थ्य सहायकों ने चढ़कर विरोध किया।**

इसके बाद बीजेपी सरकार के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया हैं।

पानी की टंकी पर चढ़ी संघर्ष समिति की प्रदेश अध्यक्ष पूजा बावरिया ने कहा कि हम अपनी जायज मांग को लेकर लम्बे वक्त से आंदोलन कर रहे हैं, कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं। इसलिए आज हमें मजबूरन टंकी पर चढ़ना पड़ा हैं। अगर अब भी सरकार ने हमारी मांग को पूरा कर हमें फिर से रोजगार नहीं दिया। हम अपनी जान दे देंगे। जिसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी। पूजा ने कहा कि कोरोना के वक्त न सिर्फ राजस्थान बल्कि देशभर में को नियुक्ति दी गई थी। लेकिन सिर्फ राजस्थान में ही को हटाया गया हैं। जबकि दूसरे राज्यों में आज भी काम कर आम जनता कि जिंदगी को बचाने का काम कर रहे हैं।

# युवक का अपहरण कर फिरौती वसूलने वाले दो बदमाश दबोचे

- **आरोपियों ने पिछले दिनों 1.76 लाख रुपये, घड़ी और सोने की चेन लूटने के बाद युवक को छोड़ा था**

**जयपुर** (कासं)। रामनगरिया थाना पुलिस ने युवक का अपहरण कर फिरौती और लूटपाट के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में गिरफ्तार बस्सी निवासी रामनिवास मीणा और राकेश मीणा से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार 15 जून 2023 को प्रहलाद मीणा निवासी जीतपुर रामगढ पचवारा ने मामला दर्ज करवाया कि 10 जून 23 को वह ग्राम मैंदला में एक शादी समारोह में आया था। खाना खाने के बाद वह घर जा रहा था। शादी समारोह स्थल से करीब 700-800 मीटर दूर दो कारों में सवार होकर करीब एक दर्जन बदमाश पहुंचे और बदमाशों ने एक कार उसकी गाडी केआगे और एक पीछे लगा दी।

बदमाशों ने उसे गाडी से उतार अपनी गाडी में डाल लिया और मुहं पर कपड़ा बांध कर अपहरण कर ले गए। इसके बाद बदमाश उसे सुनसान स्थल और जंगल में ले गया वहां पर उसके साथ मारपीट की। मारपीट कर बदमाशों ने उससे 30 लाख रुपए मंगवाने को कहा। रुपए नहीं मंगवाने पर जान से मारने की धमकी दी। मेरे फोन से ही आरोपियों ने मेरे भाई से बात करवाई और कहां रुपए देकर अपने भाई को ले जाना। भाई ने कहा कि अभी तो इतने रुपयों का इंतजाम नहीं होगा, सुबह कर दूंगा। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ फिर से मारपीट करना शुरू कर दिया।

आरोपियों ने कहा जितने रुपए है वे ही लेकर आ जाओ। इस पर उसका भाई और सियाराम दोनों सिरोली स्टैण्ड पर आए इसके बाद बदमाशों ने कहा कि अकेले सियाराम को ही रुपए लेकर भेज दो। आरोपियों ने सियाराम से 176000 रुपए, उससे घड़ी, सोने की चेन, सिम कार्ड लेकर बदमाश फरार हो गए। जानकारी करने पर सामने आया कि उसका अपहरण करने वालों में रामनिवास मीणा चैनपुरा बस्सी, मुकेश कुमार मीणा निवासी दौसा और कैलाश चंद मीणा चांदपुर सहित उसके दोस्तों का हाथ है। इस शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

## मकान में आग लगने से लाखों रु. का सामान खाक

**जयपुर**। महेश नगर थाना इलाके में रविवार की दोपहर को एक मकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। लोगों ने घर से धुंआ निकलता देखकर पुलिस और दमकल को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल ने दो घंटे में आग काबू पाया। इस आगजनी में घर में रखा हुआ लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया।

पुलिस ने बताया कि रविवार को महेश नगर थाना इलाके में स्थित 80 फीट के पास एक मकान में अचानक आग लग गई। जानकारी मिलने पर पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची। तीन दमकलों की मदद से आग पर काबू किया गया। प्रारम्भिक जांच में आग शॉर्ट सर्किट से लगना सामने आया हैं। जानकारी में सामने आया कि आग जहां पर लगी थी एक गैस का सिलेंडर भी रखा हुआ था।

## सार-समाचार

### 'पशु अधिकारों के लिए करेंगे प्रदर्शन'



**जयपुर** (कासं)। जयपुर फॉर एनिमल्स नेटवर्क ने राजस्थान में भाजपा मुख्यालय तक विरोध-प्रदर्शन करने की घोषणा की है। दरअसल पशु अधिकारों की वकालत के लिए यह एन.जी.ओ. पिछले काफी समय से अपील और मांग उठा रहा है, इसके बावजूद आज तक जिम्मेदार प्रशासन इस ओर निष्क्रियता दिखाता आया। जयपुर फॉर एनिमल्स नेटवर्क के सदस्यों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सी.पी.जोशी से मुलाकात कर एक पोस्टर सौंपा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं एक श्वान को दुलार रहे है। इस पोस्टर पर लिखा था कि "क्या मैं भारत का नागरिक नहीं और क्या मेरी सुरक्षा आपकी जिम्मेदारी नहीं?" संगठन की सदस्य मरियम अबुहैदेरी ने बताया कि, हाल ही में श्रीगंगानगर में 6 निर्दोष पिल्लों को जलाने और सीएम कार्यालय के गार्डों द्वारा एक भूखे कुत्ते की नृशंस हत्या का मामला सामने आया है, इससे पशु प्रेमियों में रोष व्याप्त है। प्रदर्शनकारी और जयपुर फॉर एनिमल्स नेटवर्क की सदस्य वंदना गौतम ने मांग उठाई है कि इन दोनों मामलों में सरकार तुरंत एक्शन लें। मरियम अबू हैदरी ने कहा कि यह बात चिंताजनक है कि पिछले कुछ समय में कुत्तों (श्वान) द्वारा लोगों को काटने की घटनाएं बढ़ी है, लेकिन इसके पीछे मुख्य कारण भूख और उत्पीड़न है। श्वान पालने वालों को पुलिस द्वारा रोकने, गली के श्वान को खाना खिलाने वाले पशुप्रेमियों पर पाबंदी लगाना गलत है।

### पंजाब चेतना मंच की जालंधर में स्थापना



**जालंधर/जयपुर** (कासं)। पंजाब के कुछ सम विचार राजनैतिक नेताओं की बैठक में रविवार को एक नए संगठन 'पंजाब चेतना मंच' की स्थापना की गई। इसमें निर्णय लिया गया है कि पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावनाएं तलाश की जाए। बैठक रविवार सुबह जालंधर के देशभगत यादगार हॉल में जनता दल यूनाइटेड पंजाब के पूर्व उपप्रधान ओम प्रकाश खेमकरणी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि किसी राजनैतिक दल को इस चुनाव में सहायता नहीं दी जायेगी। साथ ही पंजाब चेतना मंच योग्य व पात्र उम्मीदवारों को तलाश करेगा। बैठक में अजय सूद, मनजीत सिंह, अनूप सिंह, कुलभूषण कुमार, संयुक्ता कौशल, अशोक गिल, विनोद वाल्मीकि, जयगोपाल धीमान, महेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह मौजूद थे।

### 'खुशहाल छात्र बनाते हैं खुशहाल समाज'

**जयपुर**। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर ने शैक्षिणक संस्थानों में हैप्पीनेस और कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए "एलायंस फॉर हैप्पीनेस इन एकेडमिक" पर पहली राउंड टेबल का आयोजन किया। राउंड टेबल में मुख्य अतिथि हैप्पीट्यूड के संस्थापक करण बहल और विशिष्ट अतिथि सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल और जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के उपाध्यक्ष श्रीवत्स जयपुरिया थे। प्रोफेसर आर्य संस्थापक नो थायसेल्फ हैप्पी और विजिटिंग फैकल्टी, आईआईएम अहमदाबाद, मुख्य वक्ता थे। श्रीवत्स जयपुरिया ने न केवल भौतिक पहलुओं बल्कि शारीरिक और भावनात्मक कल्याण पर भी विचार करने पर जोर दिया।

## बच्चों को साहित्य से जोड़ेगा बुकरू

**जयपुर**। बच्चों की दुनिया अनोखी होती है। नौनिहालों के मन के कोरे कैनवास पर रचनात्मक रंगों से कलात्मक विधाओं के चित्र उकेरे जा सकते हैं, इससे ही तैयार होंगे भविष्य के कलाकार। अनूठे ढंग से बच्चों को किताबों और साहित्य से जोड़ने के लिए जवाहर कला केन्द्र की ओर से 30 से 31 मार्च को दो दिवसीय बुकरू चिल्ड्रन लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। गायत्री राठौड़, प्रमुख शासन सचिव, कला, साहित्य, संस्कृति, पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग ने बुकरू के पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान जवाहर कला केन्द्र की अति. महानिदेशक प्रियंका जोधावत व वरिष्ठ लेखाधिकारी चेतन कुमार शर्मा भी मौजूद रहे। बुकरू विश्वपटल पर अपनी छाप छोड़ चुका है। बुकरू ने 2017 में लंदन बुक फेयर के नेशनल एक्सीलेंसी अवॉर्ड्स में लिटरेरी फेस्टिवल अवॉर्ड अपने नाम किया है।

# होलिका दहन के लिए 200 टन गौ-काष्ठ गुजरात भेजी

**जयपुर** (कासं)। पर्यावरण को बचाने एवं गाय संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए इस बार राजधानी जयपुर में करीब पांच सौ स्थानों पर गाय के गोबर से बनी लकड़ी से होलिका दहन किया जायेगा। वहीं होली पर दौ सौ टन गौकाष्ठ गुजरात भेजा गया है।

अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक एवं भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि गुजरात सरकार ने इस बार होली पर होलिका दहन महोत्सव गाय के गोबर से बनी लकड़ी से ही करना किया है। इसके लिए राजस्थान से दो सौ टन गोकाष्ठ भेजी जा रही है।

अतुल गुप्ता ने कहा कि सात वर्ष श्री पिंजरापोल गौशाला में शिवरतन चितलांगिया (महामंत्री) एवं राधेश्याम पाठक के नेतृत्व में गाय के गोबर की लकड़ी बनाने का काम शुरू किया गया। जयपुर में पांच सौ जगह पर होलिका दहन के लिए गौकाष्ठ के लिए बुकिंग हो चुकी है, वहीं उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु के चेन्नई से भी मांग की गई हैं। दस राज्यों में गौकाष्ठ भेजा जायेगा और इसके प्रति जागरुकता फैलाने का काम किया जायेगा। सौ से अधिक स्वयं सहायता समूह ने कम से कम 2000 टन गोबर की लकड़ी बनाई है और लगभग 70 प्रतिशत की खपत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि गोकाष्ठ की मांग बढ़ती जा रही है लेकिन जब सरकारें इसके प्रति आगे आयेगी तो जहां इसकी मांग और बढ़ेगी वहीं पर्यावरण और गाय संरक्षण को और मजबूती मिलेगी।

## मुख्यमंत्री से आचार्य रामचन्द्र दास ने की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री निवास (ओटीएस) पर रविवार को श्री तुलसीपीठ, चित्रकूट के पद्म विभूषण जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास ने शिष्टाचार भेंट की।

आचार्य रामचन्द्र दास ने मुख्यमंत्री शर्मा को जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य का आशीर्वाद प्रदान किया एवं संदेश सुनाया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आचार्य रामचन्द्र दास के साथ आए सभी संतों का शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी भी उपस्थित रहे। सभी संतों ने प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

# बुजुर्ग को चाकू मारकर बदमाशों ने बैग लूटा

- **मुहाना इलाके के बालावाला क्षेत्र में कार सवार बदमाशों ने किया हमला**

**जयपुर**। मुहाना इलाके में बेखौफ बदमाशों ने 61 साल के एक बुजुर्ग का चाकू मारकर बैग लूट लिया। लुटेरों को लगा बैग में कैश है, बुजुर्ग ने बैग नहीं छोड़ा तो जांघ और कमर पर चाकू घोंप दिए और बैग लूट लिया। बैग में कंपनी से जुड़े कुछ दस्तावेज भर थे। पीड़ित अस्पताल में भर्ती है और पर्चा बयान के आधार पर केस दर्ज कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि मालवीय नगर निवासी हरी प्रसाद एक कंपनी में पार्टनर हैं। वे कंपनी से जुड़े दस्तावेज लेकर बालावाला इलाके में होकर गुजर रहे थे। दस्तावेज एक बैग में थे और बैग स्कूटर पर लटकाया हुआ था। बालवाला इलाके में कोल्ड स्टोरेज के आगे निकलने के दौरान एक कार ने ओवरटेक किया और हरी प्रसाद को टक्कर मारकर गिरा दिया। बैग छीनने की कोशिश की, लेकिन हरी प्रसाद ने बैग नहीं छोड़ा। कार में से निकले चार-पांच बदमाशों में से एक ने हरी प्रसाद के कमर और जांघ पर चाकू से कई वार किए और बैग लेकर फरार हो गए। बैग में कैश भी नहीं था। पुलिस ने कहा कि लूट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। घाव गंभीर हैं। हरी प्रसाद अस्पताल में भर्ती हैं। पता लगाया जा रहा है कि लूट की यह वारदात कैश के लिए थी या फिर इसके पीछे अन्य कोई कारण है। फिलहाल कार नंबरों के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।